# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-297 सागवाड़ा, मंगलवार, 19 जुलाई, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# बारिश- वात्रक नदी उफान पर होने से कई गांवों का टुटा सम्पर्क

## सीमलवाडा क्षेत्र में हुई भारी बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त, सीमलवाडा गफूर बस्ती में भरा बारिश का पानी



सीमलवाड़ा। सीमलवाड़ा से मांडली सड़क पर बाईपास तेज बारिश में बहा।



फोटो, गुणवंत कलाल

सीमलवाड़ा। सीमलवाड़ा कस्बे में गफूर बस्ती में घुसा बारिश का पानी।

**सीमलवाड़ा।** क्षेत्र में अल सुबह हुई भारी बारिश से क्षेत्र में आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से सीमलवाडा में गफूर बस्ती में पानी भर गया है। तो वही पानी की आवक होने से वात्रक नदी के उफान के चलते कई गाँवों का सम्पर्क टूट गया है। इधर सीमलवाडा-मांडली मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया के टूट जाने से मार्ग बाधित हो गया है। डूंगरपुर जिले में बारिश का दौर रुक-रुक कर जारी है। वही डूंगरपुर जिले के सीमलवाडा क्षेत्र में अल सुबह हुई भारी बारिश से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सीमलवाडा क्षेत्र में सुबह करीब 3 बजे से सुबह 5 बजे तक भारी बारिश हुई। भारी बारिश के चलते कई जलाशयों व नदियो में पानी की आवक हो रही है। इधर सीमलवाडा क्षेत्र में वात्रक नदी में पानी की भारी आवक हुई जिससे नदी उफान पर आ गई। इधर वात्रक नदी के उफान पर आने से नदी पर बना पुलिया टूट गया जिससे नदी की दूसरे और बसे गांव मोर महुडी, झाफरा व गोहलिया से सम्पर्क टूट गया है। साथ ही नदी के दूसरी ओर हनुमान मंदिर स्थित है जहा पर दर्शन करने हर मंगलवार व शनिवार सैकड़ो भक्त पहुँचते थे। लेकिन पुलिया टूटने से अब वह भी मंदिर तक नही जा पा रहे है । इधर भारी बारिश के चलते सीमलवाड़ा कस्बे में गफूर बस्ती में बारिश का पानी भर गया है। मांडली सड़क पर कस्बे में बारिश के पानी की निकासी को लेकर नाला बना हुआ है, जिस पर अतिक्रमण कर दुकान बना दी गई है, पानी की निकासी कम होने से पानी बस्ती में घुस गया है। बस्ती में पानी भर जाने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही सीमलवाड़ा से मांडली सड़क पर पुलिया निर्माण होने से आवाजाही को लेकर बाईपास बनाया गया था जोकि तेज बारिश के बहाव में टूट गया है जिसके चलते आवाजाही पूरी तरह से ठप्प हो गई है। सुचना पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आर सी मीणा, अधिशाषी अभियंता नवीन चौधरी मौके पर पहुंचे है आवाजाही बहाल कराने में जुटे हुए है।

# दो दिन में चार पारियों में देंगे 42 हजार 696 अभ्यर्थी परीक्षा

## रीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, परीक्षा को लेकर नियुक्त कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**डूंगरपुर।** जिले में रीट भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन अपना तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी के तहत आज शहर के विजयाराजे सिन्ध्या ऑडिटोरियम में प्रशासन की ओर से परीक्षा को लेकर नियुक्त कार्मिको को प्रशिक्षण दिया गया। डूंगरपुर जिल में रीट भर्ती परीक्षा में दो दिन में चार पारियों में 42 हजार 696 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

रीट परीक्षा 2022 में नियुक्त कार्मिकों की तैयारी प्रशिक्षण जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता एवं जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमेन्द्र नागर, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक अनिल मीणा व मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़ की मौजूदगी में विजयराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने अध्यापक पात्रता परीक्षा 2022 के पूर्व मॉक ड्रील करते हुए कार्मिक अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये है। उन्होंने रीट परीक्षा निर्देशिका अनुसार परीक्षा निष्पादन करने को कहा है एवं परीक्षा व्यवस्था में नियुक्त कार्मिक द्वारा लापरवाही बरतने पर कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये है। प्रशिक्षण में एसपी राशि डोगरा ने बताया कि चुनाव के आयोजन की तरह ही रीट परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने समस्त पुलिस विभाग किसी भी कार्मिक के साथ में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं मोबाईल फोन होने पर उन्हें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं कराने के निर्देश दिये है।

प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृतलाल कलाल ने बताया कि दो दिन में चार पारियों में परीक्षा का आयोजन होगा। जिसमें 42 हजार 696 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे7 जिसमें पहले दिन लेवल प्रथम पारी में 11 हजार 160 अभ्यार्थी, द्वितीय पारी में 09 हजार 216 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वही इसी के साथ दूसरे दिन पहली पारी में 11 हजार 160 और दूसरी पारी में भी 11 हजार 160 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे।

जिसमें विक्षक 930, सुपरवाईजर 116, बीट सुपरवाईजर 29, आतंरिक निरीक्षक दल में 64, मंत्रालयिक कर्मचारी 93 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 263 नियुक्त किये गये है।

# जिस भूमि का बेचान व रजिस्ट्री होने के बाद खुल गया था नामांतरण, उसी भूमि की फिर से कर दी रजिस्ट्री

**उप रजिस्ट्रार व पटवारी सहित 5 लोगो के खिलाफ पीडितो ने दी रिपोर्ट**

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा गांव में एक जमीन को फर्जीवाड़ा कर दुबारा बेचने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित व्यक्तियो की ओर से कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है, रिपोर्ट में परिवादियो ने थाणा पटवारी, उप रजिस्ट्रार सहित 5 लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के भाटपुर निवासी अमृतलाल कटारा, शंकरलाल, देवीलाल खराड़ी, जीवली ओर सुरेश पारगी ने रिपोर्ट दी है। पीडितो ने अपनी रिपोर्ट में है की उसने थाणा में खसरा नंबर 3826/176 में 6 बीघा में से सभी ने 24 जून 2019 को 1 बीघा 10 बिस्वा प्रत्येक ने खरीदी। ये जमीन थाणा निवासी हुरमा पुत्र हुका बरंडा भील से खरीदी। जिसकी उप पंजीयन कार्यालय डूंगरपुर में रजिस्ट्री करवाई। जिसका 15 नवंबर 2019 को पटवार हल्का थाना में नामांतरण खुलवाया और उसकी नकल ले ली। इस जमीन को बेचने के बाद हुरमा बरंडा ने कांतिलाल रोत निवासी मांडवा खापरडा को यही जमीन फिर से बेच दी। 4 मई 2021 को पटवार हल्का थाणा से मिलीभगत कर उसी जमीन को फर्जी तरीके से उप पंजीयन कार्यालय डूंगरपुर में रजिस्ट्री करवा दी। आरोपियों ने इसके लिए सभी फर्जी कागज तैयार करवाए।

पीड़ित अमृतलाल कटारा समेत 5 लोगो की रिपोर्ट में हुरमा बरंडा निवासी थाणा, कांतिलाल रोत निवासी मांडवा खापरडा, जुमली पत्नी कडुवा बरंडा निवासी थाणा, पटवार हल्का थाणा और उप पंजीयन कार्यालय डूंगरपुर के खिलाफ फर्जी तरीके से एक ही जमीन को दूसरी बार रजिस्ट्री करने की रिपोर्ट दी है। पीड़ित ने मामले में जांच करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है।

# माही नदी के टापू पर 4 घंटे फंसे रहे दंपती

## जामुन तोड़ने गए थे, नदी में तेज हुआ पानी, SDRF की टीम ने किया रेस्क्यू

**बांसवाड़ा।** नदी पार कर जामुन तोड़ने गए दंपती मंगलवार को माही नदी के बीच पत्थर नुमा टापू पर फंस गए। जामुन तोड़कर नदी पार करने गए दंपती इस टापू पर पहुंचे तभी उसके दूसरी ओर भी पानी का बहाव तेज हो गया।

पानी के एकदम बढ़ने के बाद दंपती ने शोर मचाया और लोगों को मदद के लिए पुकारा। इसके बाद नदी किनारों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर स्थानीय उपखण्ड अधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे। हालात नियंत्रण के बाहर देख प्रशासन ने स्ठत्स्न की टीम से सहायता मांगी। इसके बाद देर शाम टीम ने टापू में फंसे लोगों को बाहर निकाला। मामला खमेरा थाना क्षेत्र की कालीमगरी के देवलियाआड़ा होकर गुजरती माही नदी का है।

# शराब से भरी कार जब्त, एक लाख कीमत की 64 बोतल की बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



सीमलवाड़ा। चौरासी पुलिस ने शराब से भरी कार को जब्त कर दो आरोपी को किया गिरफ्तार। गुणवंत कलाल

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की चौरासी थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कार को जब्त किया है। पुलिस ने कार से महंगी ब्रांड की 64 बोतल शराब बरामद की है। वही कार चालक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत एक लाख रुपए की बताई जा रही है। तस्कर शराब को उदयपुर से कुराबाड से भरकर गुजरात तस्करी के लिए ले जा रहे थे। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की मुखबिर के जरिये शराब तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर चौरासी थाने की वैंजा पुलिस चौकी प्रभारी मनोहर सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों ने गेंजी-सीमलवाडा मार्ग पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान एक वेगेनार कार आई। जिस पर पुलिस ने कार को रुकवाया। पुलिस ने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में महंगी ब्रांड की शराब की बोतले भरी हुई थी। पुलिस ने कार से महँगी ब्रांड की 64 शराब की बोतल बरामद की। वही पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार चालक सुरेश पिता हेमराज डांगी निवासी भल्लो का गुढा कुराबाड हाल तुलसी नगर बेडवासा उदयपुर को और व उसके साथी तुलसीराम पिता मांगीलाल डांगी निवासी ओडवाडिया गुडली उदयपुर को गिरफ्तार किया। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की जब्त शराब की कीमत एक लाख रूपये बताई जा रही है। वही उन्होंने बताया की प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने उदयपुर के कुराबाड से शराब भरकर गुजरात तस्करी करना बताया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



# सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का करें पालन

**सागवाड़ा।** यातायात नियमों की पालना करके ही स्वयं व दूसरों का कीमती जीवन बचा सकते हैं। इस पर वाहन चलाते समययातायात नियमों की पालना जरूर करें। थानाप्रभारी रामेंग पाटीदार ने मंगलवार को गांव में आमजन को जागरूक करने आयोजित बाइक रैली को रवाना करते हुए यह बात कही।वरदा पुलिस व मयुर मोटर्स हीरो शोरूम आंतरी के तेजपाल कलाल संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें आमजन को हेलमेट पहनने, सड़क नियमों का पालन करने और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के बारे में जन जागरण रैली का आयोजन किया गया।इस मौके पर पुलिस कांस्टेबल प्रहलाद सिंह, हेड कांस्टेबल बलवीर सिंह, पंकज जैन ,तीर्थराज सिंह, पवन प्रजापत ,ओम प्रकाश अहारी, पिंटू गडरिया लोहार ,धनराज मीणा, बंसी लाल मीणा, सुनील जैन ने वाहन रैली में भाग लिया।

# बागीदौरा, केसरपुरा व बांसवाड़ा में झमाझम, कागदी के सभी 5 गेट खोले

**बांसवाड़ा।** मंगलवार सुबह तड़के कागदी डेम के सभी 5 गेट खोले गए। तब बेकवाटर से पानी की आवक 27 सौ क्यूसेक थी। बारिश सबसे ज्यादा भूंगड़ा में मेहरबान रही। यहां 24 घंटे के दौरान 203 स्रू बरसात दर्ज हुई, जबकि बागीदौरा, केसरपुरा और बांसवाड़ा में झमाझम बारिश हुई। यहां क्रमश 177, 152 और 118 MM बरसात के बाद लोगों को उमस से राहत मिली। वहीं पहाड़ी इलाकों से पानी की लगातार आवक से माही प्रशासन को शहर के रतलाम रोड स्थित कागदी पिक-अप-वियर डेम के रात 3 बजे 5 गेट आधा-आधा मीटर खोलने पड़े। तब यहां पर पानी की आवक 27 सौ क्यूसेक थी। इधर, बांसवाड़ा में रात साढ़े 12 बजे तक बरसात का दौर जारी था।

इसके बाद से बांसवाड़ा शहर के आसमान में बदली छाई हुई है। वातावरण में हल्की उमस भी बन रही है। बता दें कि एक जून 22 से अब तक जिले में 403.36 MM बारिश हो चुकी है, जबकि जनवरी 2022 से अब तक का ये आंकड़ा 416.36 स्रूका है। इससे पहले गुरुवार सुबह बांसवाड़ा के पहले सुरवानिया डेम के सभी 10 गेट खोले जा चुके हैं। वहीं माहीडेम का जल स्तर 281.50 के मुकाबले सुबह 10 बजे 271.40 के करीब था।

# बोर्ड-निगमों के अध्यक्षों की सैलरी 40 हजार बढ़ी

**जयपुर।** राजस्थान के अलग-अलग बोर्ड, निगम और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों के जरिए बने अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के वेतन भत्तों में 40 हजार रुपए की बढ़ोतरी की गई है। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री के दर्जा वाले बोर्ड और निगम अध्यक्षों के वेतन भत्ते 52 फीसदी तक बढ़े हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय ने मंगलवार को आदेश जारी कर दिए हैं। इससे पहले बीजेपी राज के दौरान 7 दिसंबर 2017 को बोर्ड निगमों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के वेतन-भत्ते बढ़ाए गए थे। कैबिनेट मंत्री का दर्जा वाले अध्यक्षों का वेतन 45000 से बढ़ाकर 65000 रुपए प्रतिमाह और सत्कार भत्ता दर्जा 34000 से बढ़ाकर 55000 रुपए कर दिया है। जो पहले कुल 79 हजार रुपए थे, अब बढ़कर हर महीने 1 लाख 20 हजार रुपए हो गए हैं। प्रदेश में अभी 26 बोर्ड-निगमों के 26 अध्यक्षों को राज्य मंत्री का दर्जा मिला हुआ है, जबकि 3 को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला हुआ है।

# विराट में पौधारोपण अभियान , कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया



**सागवाड़ा।** विराट ग्राम पंचायत में मंगलवार को अंधेरी माता मंदिर के पास महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कन्वर्जेंस एफएफसी व ग्रामपंचायत मद से उद्यान विकास कार्य के तहत जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, मुख्यकार्यकारी अधिकारी दीपेंद्र सिंह व प्रधान ईश्वर लाल चरपोटा, सागवाड़ा पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया की उपस्थिति में वृक्षारोपण महाअभियान प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सरपंच इंदिरा देवी कलासुआ ने बताया किक्षेत्र के महत्वपूर्ण तीर्थस्थल माता के मंदिर परिसर में पहाड़ी क्षेत्र में लगभग 500 पौधे लगाने का लक्ष्यलिया गया है। कार्यक्रम के दौरान 200 पोधो का रोपण किया गया। जिला कलक्टर ने कल्पवृक्ष का रोपण किया। उन्होंने बताया कि पोधो की साइज लगभग 6 से 7 फिट है। तीर्थ को सुंदर पर्यटक स्थल के रूप में तैयार करना लक्ष्य है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलक्टर इंद्रजीत ने कहा कि ग्रामीणों के सफल प्रयासों से ही विकास सम्भव है। सीईओ दीपेन्द्र सिंह ने कहा कि पौधरोपण जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी सार सम्भाल जरूरी है ऐसे कार्यो के लिए विभाग भी हर प्रकार की मदद को तैयार है। कार्यक्रम को विकास अधिकारी मूलाराम सोलंकी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रामचंद्र खटीक , उपप्रधान नरेश पाटीदार, जिला परिषद सदस्य माया देवी, आईईसी महेश जोशी, अतिरिक्त विकास अधिकारी महेश अहारी, अशोक जैन, सहायक विकास अधिकारी हेमंत भावसार, मोहनलाल, गजेंद्र, कनिष्ट तकनीकी सहायक सुरेश, हितेश,राजेश, छगन, अरुण , गोविंदराम, गोकल राम, शंकर लाल, धनेश्वर, कमलेश सहित ग्रामीणजन मौजूद थे। संचालन गजेंद्र भावसार ने किया।